RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार, 10 फरवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 255 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये


# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App


## राज्यपाल को बदल कर दिखाओ

# आदित्य ठाकरे का नया चैलेंज



**मुंबई :** उद्धव ठाकरे गुट के युवा नेता आदित्य ठाकरे का शिंदे-फडणवीस सरकार पर हमला जारी है। उन्होंने अब नया चैलेंज देते हुए कहा है कि अगर राज्य सरकार में दम है तो विधानसभा का आगामी बजट सत्र शुरू होने से पहले राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को बदल कर दिखाए। आदित्य इस समय शिव संवाद यात्रा के तहत राज्य के दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने महाराष्ट्र के महापुरुषों का अपमान किया है। आघाडी नेताओं ने इसकी कड़ी आलोचना की है, लेकिन शिंदे-फडणवीस सरकार के नेता इस पर बोलने के लिए तैयार नहीं है। आदित्य ठाकरे ने कहा कि इस सरकार ने दिल्ली की केंद्र सरकार के सामने खुद को सरेंडर कर दिया है।

### आदित्य ठाकरे की सुरक्षा बढ़ी

मंगलवार को औरंगाबाद में सेना के युवा नेता आदित्य ठाकरे के काफिले पर पथराव की घटना के बाद राज्य सरकार ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी हैं।

### पुलिस महानिदेशक को पत्र

**विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने आदित्य के काफिले पर हुए पथराव के लिए शिंदे गुट को जिम्मेदार बताया था। उन्होंने जनसभा के दौरान सुरक्षा में चूक के मामले को लेकर महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक रजनीश शेठ को एक शिकायती पत्र लिखा। दानवे ने कहा कि आदित्य ठाकरे की सुरक्षा में भारी लापरवाही बरती गई है। उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लिए जाने की मांग की है।**

इस मामले का संज्ञान लेते हुए आदित्य ठाकरे की शिव संवाद यात्रा के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किए जाने निर्णय लिया गया है। जिन स्थानों पर संवाद और सभाएं होंगी, वहां स्थानीय पुलिस द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।

## 5.5 करोड़ कीमत का

# एम्बरग्रीस बरामद !



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के सांगली शहर में पुलिस ने 5.5 करोड़ रुपये का 'एम्बरग्रीस' रखने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि दो लोग इसे बेचने के लिए पश्चिमी महाराष्ट्र के इस शहर में आ रहे हैं। सूचना के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने पुलिस को बताया कि 'एम्बरग्रीस' को उनके एक साथी की मदद से राज्य के तटीय सिंधुदुर्ग जिले के मालवन से लाया गया। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत ज्यादातर इत्र बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली 'एम्बरग्रीस' की बिक्री करने और उसे रखने पर प्रतिबंध है। 'एम्बरग्रीस' एक ठोस, लेकिन मोम जैसा पदार्थ है जो 'स्पर्म व्हेल' की आंतों में बनता है।

# नाबालिग से यौन दुराचार का मामला दर्ज




**ठाणे :** ठाणे में पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध 12 वर्षीय अपने एक रिश्तेदार के साथ कथित रूप से यौन दुराचार करने का मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कासरवडवली थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले महीने एक अध्यापक ने कक्षा छठी के एक छात्र के माता-पिता को बुलाया और उन्हें बताया कि अन्य बच्चों के साथ उनके बच्चे के व्यवहार में बदलाव आ गया है और वह अक्सर चिड़चिड़ा हो जाता है। अधिकारी ने बताया कि बाद में उसके माता-पिता उसे एक मनोचिकित्सक के पास ले गये और तब पता चला कि उनके पड़ोस में रहने वाले उनके एक रिश्तेदार ने सितंबर, 2021 में इस बच्चे के साथ यौन दुराचार किया था।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत: अलग अलग पुलिस स्टेशनों में मामला दर्ज




**वसई :** अलग-अलग पुलिस स्टेशन अंतर्गत सड़क दुर्घटना में दो लोगो की दर्दनाक मौत होने की घटना सामने आई है। पुलिस ने शवको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।दोनो मामले में पुलिस ने वाहन चालकों पर केस दर्ज कर आगे की विवेचना कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार,६ फरवरी को प्रातः लगभग ०६.०० बजे मुंबई अहमदाबाद हाईवे पर खोडियार काठियावाड़ी ढाबा के सामने वाहन मुंबई की तरफ लेन १ पर टैंकर नं. डीएन-०९ क्यू-९६१० को उसके चालक द्वारा बंद कर दिया,चालक ने बिना कोई साइन या नोटिस बोर्ड लगाए और बिना कोई पार्किंग लाइट लगाए लापरवाही से पार्किंग कर दिया, उक्त हाईवे पर आयशर ट्रक नं. एमएच-४८-सीबी-८७५३ के चालक को पता ही नहीं चला कि सामने वाला टैंकर रुक गया है,उसने खड़े टैंकर को पीछे से टक्कर मार दी और दुर्घटना में आयशर ट्रक चालक मुन्ना सोहराब खान उम्र ३६ वर्ष की गंभीर रूप जख्मी होने से उसकी मौत हो गई,वालीव पुलिस ने डीएन-०९ क्यू-९६१० के ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।दूसरी घटना ;हाइवे के खनिवाड़े टोलनाका के पास ट्रक क्र. एमएच ०३ सी वी ६७३५ का आरोपी चालक रुके हुए वाहन के पीछे रिफ्लेक्टर या पेड़ लगाने में विफल रहा,ताकि उसके रुके हुए ट्रक के पीछे आने वाले वाहन दिखाई दे सकें,मृतक बलवीरसिंह रायसिंह भंडरी- उम्र ५० वर्ष का जी.जे १५ ए.ए ५७६४ रुके हुए वाहन से टकरा गया, जिससे गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसकी मौत हो गई।

# बॉडी बिल्डर बनने के चक्कर में बना बाइक चोर

**मीरा रोड :** मीरा रोड क्राइम ब्रांच के हत्थे एक ऐसा चोर चढ़ा जिसे बॉडी बिल्डर बनने के चक्कर ने बाइक चोर बना दिया। एसीपी अमोल मांडवे ने बताया कि काशी मीरा पुलिस स्टेशन की क्राइम ब्रांच के अधिकारी पूछताछ कर रहे थे जिससे पता चला कि जिग्नेश उदय मिश्रा (23) बिना पेपर की बाइक कई जगह गिरवी रखता हे उस पर काशी मीरा की क्राइम ब्रांच की पुलिस ने जिग्नेश को पकड़ कर पूछना शुरू किया। पुलिस के कड़ाई से पूछने पर उपरोक्त आरोपी जिग्नेश मिश्रा ने कबूल किया कि वह 10 बाइक चुराया हे जिसकी कीमत= लगभग 4 लाख 20 हजार है। काशी मीरा पुलिस उपरोक्त आरोपी को पकड़ कर और जानकारी जुटाने में लग गयी है।

# पालघर में बहनोई की हत्या, आरोपी गिरफ्तार




**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में 25 वर्षीय एक युवक ने अपने बहनोई की कथित तौर पर हत्या कर दी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मोखाड़ा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मोखाड़ा क्षेत्र के ब्राम्हणगांव निवासी महेंद्र भोये (30) का अपनी पत्नी से अक्सर झगड़ा होता रहता था और इसे लेकर महिला का भाई दिलीप महाले चिंतित था।

महाले ने कई बार पति-पत्नी का झगड़ा सुलझाया था। पुलिस के मुताबिक, भोये और उसकी पत्नी का बुधवार को फिर झगड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि मौके पर मौजूद महाले ने झगड़ा सुलझाने का असफल प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि इसी बीच, महाले ने अपने बहनोई पर कुल्हाड़ी से कथित तौर पर हमला कर दिया, जिससे भोये की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और उसने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# सबक सीखने का समय

प्रधानमंत्री का जवाब राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हुई चर्चा में विपक्षी नेताओं और विशेष रूप से राहुल गांधी ने जो आरोप लगाए थे, उनका जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह अदाणी मामले को लेकर कुछ कहने की आवश्यकता नहीं समझी, उससे उन्होंने उस शोर को शांत करने का ही काम किया, जो अदाणी समूह को लेकर मचाया जा रहा है। आम तौर पर प्रधानमंत्री विपक्ष के आरोपों का चुन-चुनकर जवाब देते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने रणनीति के तहत अदाणी मामले पर कुछ नहीं कहा। इससे उन्होंने बिना कुछ कहे यही संदेश दिया कि विपक्ष अदाणी मामले को लेकर निराधार आरोप लगा रहा है। वास्तव में प्रधानमंत्री ने यह कहकर विपक्ष के बुने जाल में फंसने के बजाय उसके इरादों पर पानी फेर दिया कि झूठ और झूठ के हथियार से उन्हें हराया नहीं जा सकता। उनके इस कथन का कोई मतलब है तो यही कि विपक्ष जो कुछ कहने और सिद्ध करने की कोशिश कर रहा है, उसमें कोई दम नहीं। उन्होंने विपक्ष को आईना दिखाने के लिए संप्रग सरकार के समय हुए उन घोटालों का भी जिक्र किया, जो सच में हुए थे।

यह सही है कि अदाणी मामले को लेकर राहुल गांधी ने तमाम आरोप उछाले थे और प्रधानमंत्री मोदी को भी कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की थी, लेकिन उनके आरोपों में कोई तथ्य और प्रमाण नहीं था। शायद यही कारण रहा कि उनके वक्तव्य के कुछ हिस्से संसद की कार्यवाही से हटा दिए गए। इतना ही नहीं, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने निराधार आरोपों से सदन को गुमराह करने की शिकायत करते हुए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस भी दिया। यह तय है कि इस सब पर कांग्रेस यही कहेगी कि उसकी आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि कांग्रेस अथवा अन्य विपक्षी नेता अभी तक यह ऐसा कुछ साबित नहीं कर सके हैं कि अदाणी समूह ने कोई घोटाला किया है और वह भी सरकार की सहमति से।

नि:संदेह विपक्ष की अभी भी यही कोशिश रहेगी कि अदाणी मामले को तूल देकर यह साबित किया जाए कि सरकार की मिलीभगत से कहीं कोई बड़ा घोटाला हुआ है, लेकिन जब तक नियामक एजेंसियां इस ओर कोई संकेत नहीं करतीं, तब तक उसे कुछ हासिल होने वाला नहीं है। विपक्ष अपने आरोपों को सही सिद्ध करने की चाहे जितनी कोशिश करे, इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अदाणी समूह नियामक एजेंसियों के दायरे में हैं। सेबी और शेयर बाजार ने किसी कंपनी के शेयरों में एक सीमा से अधिक अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव की निगरानी के लिए जो तंत्र बनाया हुआ है, वह न केवल सक्रिय है, बल्कि अदाणी समूह की सात कंपनियों के शेयर अतिरिक्त

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 113 होटल्स की चेकिंग, 671 जगहों पर रेड...

## वैलंटाइंस-डे से पहले मुंबई पुलिस का 'ऑपरेशन ऑल आउट'

**मुंबई:** महानगर में कानून-व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए मुंबई पुलिस द्वारा ऑपरेशन ऑल आउट शुरू है। प्रशासन द्वारा इस तरह के अभियान चलाए जाने से अपराधियों के हौसले पस्त हैं। उन पर ऑपरेशन ऑल आउट भारी पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि वैलंटाइंस-डे से पहले इस प्रकार के ऑपरेशन चलाएं जाने से 14 फरवरी के आसपास हंगामा करने वाले बदमाशों का मनोबल कम होगा, जो इस वैलंटाइंस-डे के मौके पर मारपीट करने की कोशिश करते हैं। मुंबई पुलिस के मुताबिक, इस अभियान के तहत 1113 से अधिक होटेलों, लॉजों और रेस्तरां के अलावा लोगों के ठहरने वाली जगहों की तलाशी ली है। उन्होंने 671 संवेदनशील ठिकानों की गहन तलाशी ली।



इस दौरान मुंबई पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ऑपरेशन ऑल आउट चलाकर फरार चल रहे 28 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**8000 से ज्यादा वाहन चेकिंग**

233 जगहों पर कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया और 787 अपराधियों से पूछताछ की गई। इस दौरान 8 हजार से अधिक वाहनों की जांच की गई, जबकि 5747 वाहन चालकों के खिलाफ यातायात नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 15 वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अवैध शराब, मटका, जुआ आदि चलाने के आरोप में 68 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है।

**अफवाह से बचने की अपील**

डीसीपी विशाल ठाकुर ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने से बचें। गलत जानकारी वायरल करने पर अगर कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है, तो दोषियों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। इसीलिए, सावधानी से सोशल मीडिया का इस्तेमाल करें और कानून-व्यवस्था एवं लॉकडाउन नियमों का पालन करें। इस अभियान का मकसद महानगर में कानून व्यवस्था बनाए रखना है।

**इन अवसरों पर चलाते हैं ऑपरेशन**

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन ऑल आउट अभियान को नए साल के आसपास, वैलंटाइंस-डे, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस समेत अन्य अवसरों को देखते हुए चलाया जाता है। इसमें मुंबई पुलिस के तहत आने वाले सभी 12 जोन, 1 पोर्ट जोन और 5 रीजनों के अडिशनल सीपी और डीसीपी के मार्गदर्शन में औसतन हर माह यह अभियान चलाया गया है।

# नालासोपारा पुलिस स्टेशन के लॉकअप में बंद 9 कैदी हुए फूड प्वाइजनिंग का शिकार, अस्पताल में भर्ती



**नालासोपारा :** हत्या और धोखाधड़ी के मामलों में नालासोपारा पुलिस थाने में बंद नौ लोगों को मंगलवार शाम फूड प्वाइजनिंग होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है. दरअसल, मंगलवार दोपहर नालासोपारा पुलिस ने हर दिन की तरह आरोपियों के लिए पास की एक कैंटीन से लंच मंगवाया था. नालासोपारा थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विलास सुपे के अनुसार दोपहर के भोजन में दाल, चावल और अचार शामिल था. पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम यह पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं कि क्या कैंटीन का खाना खराब था.

**खराब खराब खाने से बीमार हुए कैदी**

विलास सुपे ने बताया, 'पुलिस लॉकअप में बंद आरोपियों को खाना उपलब्ध कराने का ठेका एक स्थानीय कैंटीन को दिया गया है. आरोपियों को दोपहर 3 बजे दाल चावल की थाली परोसी गई थी. शाम करीब 4 बजे खाना खाने के बाद नौ आरोपियों में से तीन को पेट में तकलीफ होने लगी और उल्टी होने लगी. कुछ मिनट बाद ही उनमें से बाकी लोगों को भी ऐसा ही अनुभव होने लगा. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने आगे कहा, 'जैसे ही वे बीमार पड़े, हम उन्हें नालासोपारा के एक सरकारी अस्पताल में ले गए, जहां पता चला कि उन्हें फूड प्वाइजनिंग हो गई है.''

**पुलिस अधिकारी ने कही ये बड़ी बात**

पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हम यह पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं कि क्या कैंटीन का खाना खराब था. हमने खाने के सैंपल एकत्र किए हैं और इसे जांच के लिए भेज रहे हैं.' वहीं, बृहन्मुंबई नगर निगम के चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि भर्ती मरीजों को फूड पॉइजनिंग है और सभी मरीजों की हालत स्थिर है. उन्हें निगरानी में रखा गया है.

# मुंबई के बोरीवली में लगी भीषण आग, इलाके में अफरातफरी...



**मुंबई :** मुंबई में आग की घटना की जानकारी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि मुंबई के बोरीवली इलाके में भीषण आग लगी है। घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दे दी गई है। आग से पूरे इलाके में धुंआ फैल गया है। इसलिए चरों तरफ अफरातफरी का माहौल है। आग की इस घटना का एक वीडियो सामने आया है। ताजा जानकारी के अनुसार बोरीवली में श्री भाऊसाहेब वर्तक कला विज्ञान और वाणिज्य, घोकाले महाविद्यालय मार्ग, गोराई रोड के सामने, एमएचबी कॉलोनी के पास यह भीषण आग लगी है। अभी तक एक इसमें किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि यहां मौजूद विचारे कंपाउंड में ग्राउंड प्लस वन स्ट्रक्चर में आग लगी है। आग की लपटें काफी दूर से देखीं जा सकती हैं। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँच रही है। फिलहाल इस आगजनि में किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है। आएग से पूरे इलाके में अफरतफरी का माहौल है।

# महाराष्ट्र कांग्रेस में भाई-भतीजावाद और उससे जुड़ा अहंकार है अंदरूनी कलह का मूल कारण

**मुंबई :** कांग्रेस में भाई-भतीजावाद ने महाराष्ट्र में उस समय अजीब मोड़ ले लिया जब कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता बालासाहेब थोराट के भतीजे की विधान परिषद चुनाव में अनदेखी की गई और उनके बहनोई के पक्ष में फैसला लिया गया. नाराज बालासाहेब थोराट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया. थोराट और प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नाना पटोले के बीच के झगड़े का अंत मंगलवार को थोराट के अपने सीएलपी पद से इस्तीफे के साथ हुआ.विवाद की जड़ नासिक डिवीजन स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद का चुनाव रहा. थोराट इसके लिए अपने भतीजे सत्यजीत तांबे को पार्टी के उम्मीदवार के रूप में देखना चाहते थे लेकिन पटोले ने सत्यजीत तांबे के पिता सुधीर तांबे का समर्थन किया.

**सत्यजीत तांबे के मामा है, थोराट**

थोराट सत्यजीत तांबे के मामा हैं, जिन्होंने हाल ही में निर्दलीय के रूप में विधान परिषद चुनाव जीता है. उनके पिता सुधीर तांबे ने उसी सीट से चुनाव लड़ने के कांग्रेस के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था.थोराट ने आरोप लगाया कि पीसीसी अध्यक्ष नाना पटोले ने जानबूझकर सुधीर तांबे को मैदान में उतारा जबकी पिता-पुत्र की जोड़ी ने पार्टी को पहले ही बता दिया कि सत्यजीत चुनाव लड़ना चाहते हैं. अपने इस्तीफे से एक दिन पहले, थोराट ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को बता दिया था कि वह नाना पटोले के प्रति अपनी नाराजगी के कारण उनके साथ काम नहीं कर सकते.

**इस बात पर हुई नाना पटोले के साथ अनबन**

हाल ही में संपन्न हुए विधान परिषद के चुनाव में अपने भतीजे सत्यजीत की उम्मीदवारी को लेकर थोराट की नाना पटोले के साथ अनबन हुई.कांग्रेस के टिकट पर





नामांकन नहीं होने के बाद सत्यजीत ने निर्दलीय के रूप में पर्चा भरा और पटोले ने इसके बाद पिता-पुत्र की जोड़ी को पार्टी से निलंबित कर दिया. तत्कालीन नासिक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी सुधीर तांबे ने कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार होने के बावजूद चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया. उन्होंने अपने बेटे सत्यजीत को निर्दलीय लड़ाया, जो चुनाव जीत गए. 2 फरवरी को नतीजे घोषित किए गए.सत्यजीत के निर्दलीय चुने जाने के बाद थोराट ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पूरे प्रकरण का वर्णन करते हुए एक चिट्ठी लिखी और कथित तौर पर कहा कि ''जब तक पटोले राज्य कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर हैं, वह तब तक सीएलपी नेता के रूप में काम नहीं करेंगे.

**थोराट के इस्तीफे की जानकारी होने से इन्कार**

पटोले ने हालांकि थोराट के इस्तीफे के बारे में किसी भी तरह की जानकारी होने से इनकार किया है. मुझे उनका इस्तीफा नहीं मिला है. वह संपर्क में नहीं है क्योंकि वह फिलहाल बीमार हैं (दाएं कंधे में कई फ्रैक्चर से उबर रहे हैं), उन्होंने कहा. इस बीच पार्टी नेतृत्व के साथ मामले पर चर्चा करने के लिए महाराष्ट्र के एआईसीसी प्रभारी एचके पाटिल कर्नाटक से दिल्ली पहुंच गए. दिल्ली रवाना होने से पहले उन्होंने मीडिया से कहा, ''मैं दिल्ली जा रहा हूं और इस मुद्दे पर नेतृत्व को जानकारी दूंगा.''

**लगातार बढ़ता गया असंतोष**

थोराट के इस्तीफे के पीछे पटोले का तानाशाह जैसा व्यवहार रहा जिससे असंतोष लगातार बढ़ता गया.यह विकास उस वक्त हुआ है जब हर दो साल पर होने वाले राज्य विधान परिषद चुनावों में कांग्रेस काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है. कांग्रेस ने भाजपा के गढ़ नागपुर और अमरावती में दो परिषद सीटें जीती हैं. चुनावी जीत के बावजूद महाराष्ट्र पार्टी के नेतृत्व में ही आपसी कलह सामने आने से गंभीर संगठनात्मक मामला बन गया है.

थोराट अहमदनगर जिले के संगमनेर से आठ बार के विधायक हैं. महाराष्ट्र के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में चीनी की उपज वाले क्षेत्र के राजनेताओं में वह एक बड़ी हस्ती हैं.एक स्वतंत्रता सेनानी और दिवंगत कांग्रेस नेता भाऊसाहेब थोराट के बेटे थोराट को जब पार्टी ने टिकट देने से इनकार कर दिया तब वह पहली बार निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़े और जीते. हालांकि, बाद में वह कांग्रेस में लौट आए. उन्हें पहली बार 1999 में सत्ता में आई कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) गठबंधन सरकार में मंत्री बनाया गया. इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा. उनका करियर आगे और आगे ही बढ़ता गया. वह कांग्रेस के प्रमुख लोगों में से एक रहे जिनके देख-रेख में 2017 में गुजरात विधानसभा चुनाव लड़ा गया और 2019 में वह महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नियुक्त किए गए.

## राज ठाकरे के गुट MNS के 3 कार्यकर्ताओं को ठाणे कोर्ट ने किया इस मामले से बरी



**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे की एक अदालत ने 14 साल पहले शहर में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में तीन लोगों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। ये तीनों लोग प्रदर्शन कर रहे महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं के एक समूह का कथित तौर पर हिस्सा थे। सत्र न्यायाधीश डॉ. रचना आर. टेहरा ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ संदेह से परे आरोप साबित करने में विफल रहा है। आदेश मंगलवार को पारित किया गया, जिसकी प्रति बृहस्पतिवार को साझा की गई। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि तीनों आरोपी उस भीड़ का हिस्सा थे जिसने 21 अक्टूबर 2008 को मनसे प्रमुख राज ठाकरे की ''गिरफ्तारी के बाद उग्र प्रदर्शन करते हुए बसों को क्षतिग्रस्त किया और उन्हें आग के हवाले कर दिया था। अभियोजन पक्ष के कुछ गवाहों ने कहा कि उनकी बस को प्रदर्शनकारियों के एक समूह द्वारा रोका गया था जो ''मनसे जिंदाबाद और ''राज साहब जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे, जबकि कुछ लोगों ने वाहन पर पथराव भी किया। आरोपियों का पक्ष रख रहे वकील ए. एन. राजुरकर ने कहा कि तीनों की घटना में कोई भूमिका नहीं थी। न्यायाधीश टेहरा ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा, ''सबूतों से स्पष्ट है कि मुखबिर और अभियोजन पक्ष के गवाह घटना के चश्मदीद हैं, लेकिन दोनों ने आरोपियों के खिलाफ कुछ नहीं कहा है।

## महाराष्ट्र में बीजेपी को लगेगा जोर का झटका!

### UPA को 2024 में 2019 के मुकाबले मिलेंगी 6 गुना सीटें

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सभी पार्टियां मिशन मोड में आ गई हैं. इस बीच 2024 के चुनाव को लेकर एक नया सर्वे आया है, जिसमें कांग्रेस के लिए महाराष्ट्र से अच्छी खबर है. सर्वे के मुताबिक कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए की सीटें महाराष्ट्र में 6 गुना बढ़ने वाली हैं. सी-वोटर और इंडिया टुडे ने हाल ही में एक सर्वे किया था जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर देश की जनता का मूड भांपा गया. इस सर्वे के मुताबिक लोकसभा चुनाव होने पर महाराष्ट्र में यूपीए को 34 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है. पिछले साल ही राज्य की सत्ता से महाआघाड़ी गठबंधन के बाहर होने के बाद ये सर्वे कांग्रेस और सहयोगी दलों के लिए बड़ी खुशखबरी है तो बीजेपी के लिए टेंशन बढ़ाने वाला है. महाराष्ट्र में लोकसभा की कुल 48 सीटें हैं.

**2019 में आई थी 5 सीट**

2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो सर्वे में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए की सीटें 6 गुना से ज्यादा बढ़ गई हैं. पिछले आम चुनाव में यूपीए




के खाते में राज्य की 48 लोकसभा सीटों में सिर्फ पांच सीट ही आई थी. इसमें 4 सीटें शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को मिली थी, जबकि कांग्रेस को सिर्फ 1 लोकसभा सीट से संतोष करना पड़ा था.

**2019 में अलग था समीकरण**

यहां ये ध्यान रखना जरूरी है कि इस बार के चुनाव में समीकरण पूरी तरह से अलग हैं. 2019 के लोकसभा चुनाव में शिवसेना भी बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा थी. उस समय एनडीए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 42 लोकसभा सीटों पर कब्जा जमाया था. बाद में विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर शिवसेना और बीजेपी अलग हो गई. इसके बाद शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस ने महाविकास आघाड़ी गठबंधन बनाकर राज्य में सरकार गठित की. शिवसेना यूपीए का भी हिस्सा बनी, लेकिन 2022 में पार्टी के खेमे में फूट पड़ गई और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना और बीजेपी ने सरकार गठित की. अभी भी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना यूपीए का हिस्सा है.


**6 महीने में बढ़ीं सीटें**

राज्य में सरकार गंवाने के बाद ताजा सर्वे के आंकड़े यूपीए के लिए खुशखबरी की तरह हैं. ये इसलिए भी खास हैं, क्योंकि बीते 6 महीने में यूपीए के प्रदर्शन और सुधरा है. 6 महीने पहले अगस्त 2022 में भी सी वोटर ने ऐसा ही एक सर्वे किया था जिसमें यूपीए को 30 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया था. अब जनवरी 2023 के ताजा सर्वे में सीटों की संख्या 34 हो गई है.

## ठाणे में RPF के कांस्टेबल ने उप निरीक्षक को उतारा मौत के घाट




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल ने 56 वर्षीय उप निरीक्षक की कथित तौर पर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कल्याण के सहायक पुलिस आयुक्त उमेश माने पाटिल ने बताया कि बुधवार रात करीब 10 बजे कल्याण क्षेत्र के कोलसेवाड़ी स्थित अपने बैरक में वासवराज गर्ग मृत पाये गये जिन्हें अंबरनाथ शहर में तैनात किया गया था। पुलिस के मुताबिक इस मामले में संदिग्ध पंकज यादव (35) को हिरासत में लिया गया जो रोहा में तैनात है। पुलिस की एक विज्ञप्ति के अनुसार, गर्ग बुधवार की रात अपने बैरक में अकेले गाने सुन रहे थे, तभी आरोपी उसके कमरे में घुस गया और कथित तौर पर लकड़ी के लट्ठ से उस पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। कोलसेवाडी पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# कांग्रेस सरकार में समृद्ध हुए अदाणी...

## बीजेपी नेता बोले- दाढ़ी बढ़ाकर कोई पीएम नहीं बन सकता

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री सुधीर मुंगंटीवार ने दावा किया कि उद्योगपति गौतम अदाणी गुजरात में कांग्रेस की सरकार के समय समृद्ध हुए। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बीजेपी नेता ने कहा कि कोई दाढ़ी बढ़ाकर मंत्री नहीं बन सकता। सुधीर मुंगंटीवार का यह बयान राहुल गांधी के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने संसद भवन में गौतम अदाणी को लेकर टिप्पणी की थी। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में आरोप लगाया कि गौतम अदाणी की संपत्ति में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद जबरदस्त उछाल आया है।



राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद गौतम अदाणी दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन की सूची में 609वें नंबर से दूसरे नंबर पर पहुंच गए। राहुल गांधी के इस आरोप पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। केंद्रीय कानून मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि ये आरोप बेबुनियाद हैं और कांग्रेस नेता से उनके दावे के एवज में सबूत की मांग की। अब महाराष्ट्र सरकार के मंत्री मुंगंटीवार ने कहा कि मुझे लगता है कि कोई भी व्यक्ति दाढ़ी बढ़ाकर प्रधानमंत्री नहीं बन सकता, इसके लिए अपनी समझ भी बढ़ानी पड़ती है। जब आप (राहुल गांधी) अदाणी के बारे में बात करते हैं तो क्या आपको पता नहीं है कि अदाणी किसकी सरकार में समृद्ध हुए।

भाजपा नेता ने कहा कि साल 1993 में जब चिमनभाई पटेल गुजरात के मुख्यमंत्री थे, यह कांग्रेस की सरकार थी, जब अदाणी को 10 पैसे प्रति स्कवायर मीटर की दर से जमीनें आप ने दिलाई। जब छबीलदास मेहता गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब मुंद्रा पोर्ट का कामकाज गौतम अदाणी को दिया गया। बीजेपी नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अदाणी के बारे में झूठ फैला रही है। बता दें कि सुधीर मुंगंटीवार महाराष्ट्र की कासबा पेठ विधानसभा में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे, जहां आगामी 26 फरवरी को उपचुनाव होने हैं।

# फिल्मी स्टाइल में कर्मचारी ने दिया लूट को अंजाम...

## चाकू की नोंक पर मैनेजर से उड़ाए 22 लाख रुपये, पुलिस ने दबोचा

**मुंबई :** मुंबई के वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर एक फरवरी को एक कंपनी का मैनेजर ऑटो रिक्शा से जा रहा था. तभी अपराधियों ने चाकू की नोक पर मैनेजर से दिनदहाड़े लाखों रुपये लूट लिए. कंपनी का मैनेजर अकेले रिक्शा से जा रहा था. मौका देखते हुए अपराधियों ने उससे लाखों रुपये लूट लिए. इस घटना के बाद मुंबई पुलिस स्तरक हो गई थी. पुलिस जांच में लग गई थी. पुलिस अपराधियों की तलाश शुरू कर दी थी. बता दें कि मुंबई पुलिस ने दिनदहाड़े लाखों की लूट की गुत्थी को सुलझा लिया है. इस मामले में मुंबई पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. इस मामले के बारे में बात करते हुए मुंबई पुलिस के डीसीपी डॉ. महेश्वर रेड्डी ने बताया कि इस लूट की वारदात को अंजाम देने की प्लानिंग कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी ने बनाई थी.



मुंबई पुलिस ने बताया कि 1 फरवरी की शाम रुबल प्लास्टिक कंपनी के मैनेजर ऑटो रिक्शा से ऑफिस से अपने घर जा रहे थे. तभी वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर जोगेश्वरी इलाके में एक शख्स बाइक से आया और मैनेजर को चाकू की नोक पर उनसे पैसों से भरा बैग लूट कर भाग गया. जानकारी के मुताबिक मैनेजर के इस बैग में 22 लाख रुपये थे. अपराधी ने दिनदहाड़े लाखों रुपये उड़ा ले गया. बता दें कि पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है इसके साथ ही दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है, जो इसके साथ अपराध में शामिल थे. पुलिस ने बताया कि अपराधि उन्हीं के ऑफिस का एक कर्मचारी है.

### कंपनी में काम कर रहा था लूट का मास्टरमाइंड

अपराधियों ने चाकू की नोक पर कंपनी के मैनेजर से दिनदहाड़े 22 लाख रुपये लूट ले गए. मैनेजर ने लूट की जानकारी पुलिस दी. जहां पर अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया वहां पर एक सीसीटीवी भी लगा था. कैमरे में यह घटना कैद हो गई. पुलिस इस मामले की जांच शुरू की तो हाईवे पर उसको सीसीटीवी कैमरा दिखा. मुंबई पुलिस ने कैमरा को खंगाला तो आरोपियों की पहचान हुई. पुलिस ने तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है.

एक रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों नंदकुमार कांबले, शनि सुर्वे और उनके एक और साथी को धर दबोचा है. पुलिस का मुताबिक अपराधियों के पास से लूट के पैसे बरामद हुए हैं.

# ठेकेदारों के खिलाफ मामला दर्ज




**ठाणे :** ठाणे जिले की पुलिस ने एक निर्माण कंपनी के दा ठेकेदारों के खिलाफ लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए एक मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बदलापुर इलाके में एक निमार्णाधीन इमारत की 13वीं मंजिल से गिरकर सुनील कुमार गौतम (40) की मौत हो गयी। बदलापुर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार दोपहर करीब एक बजे हुई जब पीड़ित 16 मंजिला निमार्णाधीन इमारत में काम कर रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### ठाणे के घोड़बंदर रोड पर कार में लगी भीषण आग, बाल-बाल बचे कार में सवार लोग



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में बृहस्पतिवार को तड़के एक कार में आग लग गई लेकिन उसमें सवार पांच लोग बाल-बाल बच गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख अविनाश सावंत ने बताया, घटना घोड़बंदर रोड पर स्थित गायमुख के पास देर रात करीब 1.40 बजे हुई। उस वक्त कार में सवार दो महिलाएं और तीन पुरुष कराड़ से मीरा रोड़ इलाके में स्थित अपने घर लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि कार में आग का पता लगते ही कार सवार लोग तुरंत बाहर निकल आए। अधिकारी के मुताबिक, घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय दमकलकर्मी और आरडीएमसी दल मौके पर पहुंचा। आग पर दो घंटे में काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। फिलहाल, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नही चला है।

### ख्वाजा शमशुद्दीन गाजी के उर्स मेले में घुसे सांड ने मचाया उत्पात, 14 लोग घायल



**मुंबई:** महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिले में उर्स मेले के दौरान एक डराने वाली घटना घटी है। बुधवार रात ख्वाजा शमशुद्दीन गाजी के उर्स मेले में घुसे सांड ने यहां खूब उत्पात मचाया है, जिसमें 14 लोग घायल हो गए हैं। इस घटना से मेले में अफरा-तफरी भी मच गई। मामला बुधवार देर रात करीब 3 बजे का है। दर-असल उर्स मेले में देर रात चरागा का मुख्य कार्यक्रम होने के चलते करीब 15 हजार लोग शामिल हुए थे। इसी दौरान एक सांड मेले में घुस आया और लोगों को मारने लगा। अचानक हुए सांड के हमले में चारों तर-फ अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। इस घटना में 14 लोग जख्मी हुए हैं और उन्हें जिला हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। घायलों का इलाज जारी है। हालांकि गनीमत रही कि मेले में इस तरह हुए हमले में किसी की जान नहीं गई।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं 3 - 4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावला क्रॉस रोड नं 12, गोरगांव (पूर्व), मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com